RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्ष: 1 अंक 192 | नागौर, 14 जून, 2022 (मंगलवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

## शिक्षा मंत्री ने जारी किया आरबीएसई 10वीं का रिजल्ट



## 82.89% रहा परिणाम

### लड़कियां फिर आगे

अजमेर.

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की सेकेंडरी, प्रवेशिका और सेकेंडरी(व्यवसायिक) एग्जाम का रिजल्ट सोमवार दोपहर जारी कर दिया गया। शिक्षा मंत्री डॉ. बीडी कल्ला ने जयपुर के शिक्षा संकुल के कॉन्फ्रेंस हाल में रिजल्ट घोषित किया। इस साल कुल रिजल्ट 82.89 प्रतिशत रहा। पिछले साल कोरोना के कारण एग्जाम नहीं हुए थे और बोर्ड का रिजल्ट 99.56 प्रतिशत रहा था। यह बोर्ड इतिहास में सबसे ज्यादा था, ऐसे में इस बार का रिजल्ट इससे कम रहा। लड़कियों ने इस बार भी बाजी मारी। लड़कियों का पासिंग प्रतिशत 84.38 रहा, जबकि लड़कों का पासिंग प्रतिशत 81.62 है। पिछले साल से इस साल रिजल्ट करीब 17 प्रतिशत कम रहा। साल 2021 में 10वीं का रिजल्ट 99.56 प्रतिशत रहा। वहीं, साल 2020 में 80.64 प्रतिशत रहा था। कोरोना की वजह से साल 2021 में एग्जाम नहीं कराए गए और तय फॉर्मूला पर रिजल्ट जारी किए गए। इस साल 10वीं परीक्षा के लिए कुल 10 लाख 92 हजार 524 परीक्षार्थी रजिस्टर्ड किए गए।

### ● 99.56 प्रतिशत रहा पिछले साल रिजल्ट

साल 2021 में 10वीं का रिजल्ट 99.56% रहा है। लड़कों का पास प्रतिशत 99.51 और लड़कियों का 99.52 रहा। 12,04,606, छात्र फर्स्ट डिवीजन से पास हुए। 44,875 स्टूडेंट्स ने सेकंड जबकि 352 छात्रों ने थर्ड डिवीजन हासिल किया। एक छात्र के सप्लीमेंट्री आई। 10वीं बोर्ड में 12 लाख 55 हजार 385 छात्र-छात्राएं थे। इनमें से 12 लाख 49 हजार 833 पास हुए।

### ● वर्ष 2020 का परीक्षा परिणाम : 80.64 प्रतिशत

कक्षा 10 की परीक्षा में कुल 11 लाख 78 हजार 570 विद्यार्थियों ने फार्म भरे थे। 11 लाख 52 हजार 201 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। 9 लाख 29 हजार 45 विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे। परिणाम 80.64 प्रतिशत रहा।

### यह रहा 12वीं का रिजल्ट

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से 12वीं आर्ट्स, साइंस व कॉमर्स संकाय का परिणाम जारी किया जा चुका है। साइंस में 96.53, कॉमर्स में 97.53 आर्ट्स में 96.33 प्रतिशत स्टूडेंट्स पास हुए।

### पिछले साल नहीं हुई परीक्षाएं, फार्मूले से तय किया रिजल्ट

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की स्थापना 4 दिसंबर 1957 को हुई थी। हर साल बोर्ड परीक्षा आयोजित करता था। कोरोना के कारण 2021 में परीक्षा नहीं हो पाई। सरकार ने स्टूडेंट्स को प्रमोट करने का निर्णय लिया। मार्क्स के लिए राज्य सरकार ने कमेटी का गठन किया। कमेटी के बताए फॉर्मूला के आधार पर स्कूलों ने अपना रिजल्ट तैयार कर बोर्ड को भेजा। इसके बाद बोर्ड ने अपना परीक्षा परिणाम घोषित किया। यह परिणाम 99.56 प्रतिशत रहा।



### जयपुर में PCC से ED दफ्तर तक पैदल मार्च

## आरएसएस और बीजेपी हैं कोबरा सांप : डोटासरा

जयपुर.

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने बोले-आरएसएस और बीजेपी कोबरा सांप हैं और अब उन्होंने पीवणा सांप का रूप ले लिया है । कोबरा सांप डसता है, तो आदमी बचता नहीं है। लेकिन पीवणा सांप वह होता है, जो चुपके से आता है और रात को साते हुए आदमी की सांस पीकर निकल जाता है। डोटासरा ने कहा आज कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को एक संकल्प लेना पड़ेगा कि जेल भरनी हैं। लाठियां खानी है तो लाठियां और डंडे खाने हैं। जब सत्ता में रहकर मलाई खा सकते हैं तो क्या अपने नेता राहुल गांधी के लिए जेल नहीं जा सकते। दिल्ली में ईडी ऑफिस में हुई पूछताछ के बाद जब राहुल गांधी को बाहर जाने दिया गया। तो कांग्रेस ने जयपुर में भी ईडी ऑफिस के बाहर धरना खत्म कर दिया। डोटासरा ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि राहुल गांधी को बाइज्जत छोड़ दिया गया है।

जिसके बाद धरना खत्म होता है। अगर राहुल गांधी को दोबारा पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा । तो दोबारा कांग्रेस पार्टी धरने प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि 1 घंटे के नोटिस पर धरना प्रदर्शन के लिए सभी को तैयार रहना है। डोटासरा ने कहा कांग्रेस पार्टी के धरने प्रदर्शन, आंदोलन और गिरफ्तारियों की यह ताकत है ईडी और केंद्र सरकार को झुकना पड़ा है। उन्होंने कहा सोनिया गांधी को भी ईडी की ओर से समन जारी है। अगर ईडी उनसे पूछताछ करना चाहती है तो अस्पताल में जाकर उनसे मिल ले। वह कुछ तो शर्म करे।

इससे पहले पीसीसी चीफ डोटासरा ने कहा दिल्ली में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत समेत तमाम नेताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया। राहुल गांधी की गिरफ्तारी होती है तो सभी कांग्रेस कार्यकर्ता जेल चलेंगे। तब तक धरने पर ही बैठना है। अगर हमारे नेता को गिरफ्तार कर लिया तो मां कसम हम घर नहीं जाएंगे। नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग केस में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और सांसद राहुल गांधी को ईडी (एनफोर्समेंट डायरेक्ट्रेट) की ओर से समन भेजकर तलब किए जाने और आज राहुल की ईडी में पेशी के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने देशभर में विरोध प्रदर्शन किया। जयपुर में प्रदेश कांग्रेस कमेटी से लेकर अम्बेडकर सर्किल के पास ज्योति नगर में स्थित ईडी ऑफिस तक कांग्रेस पार्टी ने पैदल मार्च निकालकर धरना प्रदर्शन किया।

### पहले लड़े थे गोरों से, अब लड़ेंगे चोरों से

मंत्री गोविंदराम मेघवाल ने धरने को संबोधित करते हुए कहा बीजेपी जब से सत्ता में आई है पूरे देश को बेचने का काम कर रही है। रेलवे, एयरपोर्ट, एलआईसी बेच दिए। बैंक , सड़क और कोयला बेचने का काम हो रहा है। पूरे देश में दंगे फैलाने की कोशिश हो रही है। कभी नबी के नाम पर गाली देते हैं। ताकी दंगे फैलें। यूपी में बुलडोजर के नाम पर वोट मांगे जा रहे हैं। इसलिए नारा देना होगा। पहले लड़े थे गोरों से अब लड़ेंगे चोरों से। ये अंग्रेजों के मुखबिर हैं। इनका आजादी पर कोई भरोसा नहीं है। 52 साल तक आरएसएस कार्यालय पर कभी तिरंगा झंडा नहीं फहराया। अब असली हिन्दू राष्ट्र बनाने की बात की जा रही है।

### ईडी ऑफिस जाने से पहले ही कांग्रेस नेताओं को रोककर हिरासत में ले लिया

### यह तानाशाही पूरा देश देख रहा है, लोग बर्दाश्त नहीं करेंगे : सीएम गहलोत



जयपुर.

राहुल गांधी को नेशनल हेराल्ड केस में ईडी से पूछताछ के मामले में सियासत गर्मा गई है। सोमवार को एआईसीसी दफ्तर से ईडी ऑफिस जाने से पहले ही कांग्रेस नेताओं को रोककर हिरासत में ले लिया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित राजस्थान के कई नेताओं को भी हिरासत में ले लिया गया। मुख्यमंत्री गहलोत ने दिल्ली पुलिस के रोके जाने पर बहस भी की। दिल्ली पुलिस ने फिर भी उन्हें आगे नहीं जाने दिया। हालांकि हिरासत में लेने के कुछ देर बाद उन्हें छोड़ दिया गया। गहलोत ने दिल्ली पुलिस से कहा- पांच लोगों को जाने देने से क्या फर्क पड़ेगा? आपकी अंतरात्मा भी हमारी तरह ही है, हमें जाने दीजिए। दिल्ली पुलिस ने बैरिकेडिंग करके रास्ता बंद कर दिया था। गहलोत और कांग्रेस नेताओं की बहस के बावजूद उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया।

कांग्रेसी नेताओं ने दिल्ली पुलिस के अफसरों से इस बात पर भी आपत्ति की कि एक राज्य के मुख्यमंत्री से इस तरह का व्यवहार ठीक नहीं है। गहलोत के साथ मल्लिकार्जुन खड़गे, जयराम रमेश, मुकुल वासनिक, दिग्विजय सिंह, दीपेंद्र हुड्डा, पवन खेड़ा, पीएल पूनिया, गौरव गोगोई, मीनाक्षी नटराजन सहित कई नेताओं को गिरफ्त में लिया गया है।

## मूसेवाला के किलर ने राजस्थान में की थी गोलीबारी

### रंगदारी के लिए लॉरेंस के इशारे पर हॉस्पिटल में फैलाई थी दहशत, गिरफ्तार

जयपुर.

मूसेवाला हत्याकांड में शामिल एक और शार्प शूटर संतोष जाधव को रविवार रात गिरफ्तार कर लिया गया। लॉरेंस गैंग का यह वही गुर्गा है, जिसने राजस्थान में फायरिंग कर दहशत फैलाई थी। पुणे पुलिस ने जाधव को उसके एक साथी नवनाथ सूर्यवंशी के साथ मकोका के एक पुराने मामले में पकड़ा है। रंगदारी को लेकर हॉस्पिटल में की गई फायरिंग मामले में राजस्थान पुलिस को भी उसकी लंबे समय से तलाश थी। गैंगस्टर जाधव ने लॉरेंस बिश्नोई के साथी गोल्डी बराड़ के कहने पर करीब 5 महीने पहले टांटिया ग्रुप्स के हॉस्पिटल्स पर फायरिंग कर दहशत मचाई थी।

वसूली के लिए महज 20 दिनों में दो बार अलग-अलग हॉस्पिटल्स में फायरिंग की गई। अब जाधव की गिरफ्तारी पर श्रीगंगानगर स्क्कआनंद शर्मा ने बताया कि उससे पूछताछ के लिए सोमवार को एक टीम पुणे के लिए रवाना कर दी गई है। टीम में स्ढ्ढ रामविलास और छ्रस्ढ्ढ प्रभारी दौलाराम शामिल हैं। जाधव को प्रोडक्शन वारंट पर राजस्थान लाने की भी तैयारी है।



नेशनल हेराल्ड मामला

### कांग्रेस सांसद से करीब 9 घंटे पूछताछ हुई, आज फिर बुलाया

नई दिल्ली।

नेशनल हेराल्ड केस में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से करीब 9 घंटे से प्रवर्तन निदेशालय पूछताछ कर रही है। वो अभी भी जांच एजेंसी के ऑफिस में ही हैं। सूत्रों के मुताबिक, जांच एजेंसी उन्हें पूछताछ के लिए आज दोबारा बुला सकती है। एजेंसी उनके जवाब से संतुष्ट नहीं है। उनसे कुछ पेपर्स भी मांगे गए हैं। इससे पहले सोमवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय ने राहुल से करीब 3 घंटे तक पूछताछ की। इसके बाद दोपहर करीब तीन बजे लंच ब्रेक हुआ और राहुल सीधे सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती सोनिया गांधी से मिलने पहुंचे। उनके साथ प्रियंका गांधी भी थीं। करीब 40 मिनट बाद राहुल वापस प्रवर्तन निदेशालय के दफ्तर लौटे। इसके बाद उनसे दोबारा पूछताछ शुरू हुई। इधर, पार्टी प्रवक्ता और सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि पूर्व गृह मंत्री, पी.चिदंबरम के साथ पुलिस की धक्कामुक्की हुई, चश्मा जमीन पर फेंका, उनकी बायीं पसलियों में हेयरलाइन फ्रैक्चर है। सांसद प्रमोद तिवारी को सड़क पर फेंका गया। सिर में चोट और पसली में फ्रैक्चर है। क्या यह प्रजातंत्र है?

**ये राहुल गांधी है, झुकेगा नहीं**

इससे पहले राहुल सुबह पूरे दमखम के साथ प्रवर्तन निदेशालय दफ्तर आए। श्वष्ठ के अफसरों ने उनसे 50 से ज्यादा सवाल किए। इससे पहले कांग्रेस ने इस कार्रवाई का जमकर विरोध किया। सुबह से पार्टी के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली मे जगह-जगह राहुल के पोस्टर लगा दिए थे। जिस पर लिखा था- ये राहुल गांधी है, झुकेगा नहीं।






## सम्पादकीय

# आस्था बनाम हिंसा

**विवादित** बयान को लेकर जिस तरह विरोध प्रदर्शन हिंसा में बदल गया, उसे अप्रत्याशित नहीं माना जा सकता। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि विवादास्पद बयान देने वाले दोनों नेताओं को गिरफ्तार किया जाए। जब जुमे की नमाज पढ़ी जा रही थी, कुछ जगहों पर विरोध प्रदर्शन करते लोग जमा हुए और फिर उनके समर्थन में भीड़ उत्तेजित हो उठी। पत्थरबाजी शुरू हो गई, जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। कुछ जगहों पर आगजनी की घटनाएं भी हुईं। यों सबसे अधिक उग्र भीड़ रांची में देखी गई, जिस पर काबू पाने के लिए पुलिस को गोलियां दागनी पड़ी। उसमें दो लोग मारे गए। मगर देश के अनेक राज्यों में भी इसी तरह विरोध प्रदर्शन हिंसक हो उठा।

जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश, झारखंड, पश्चिम बंगाल, गुजरात और महाराष्ट्र के अलग-अलग इलाकों में पत्थरबाजी की गई, जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। हालांकि सरकारें इन उग्र प्रदर्शकारियों की पहचान और उनके खिलाफ कार्रवाई कर रही हैं, पर फिर एक बार यह सवाल उठा है कि कैसे प्रदर्शनकारी अचानक उग्र हो उठे और प्रशासन उन पर काबू न पा सका। इतनी जगहों पर प्रदर्शन के हिंसक रूप ले लेने के पीछे जरूर कोई साजिश हो सकती है। जिन लोगों ने जुमे की नमाज के लिए जुटे लोगों को उकसाया, उनके मकसद पर शक स्वाभाविक है।

लोकतंत्र में किसी मसले पर विरोध प्रदर्शन करना लोगों का नागरिक अधिकार है, पर हिंसक बर्ताव करना, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाना किसी भी रूप में उचित नहीं कहा जा सकता। किसी को भी किसी की आस्था पर चोट पहुंचाने का अधिकार नहीं है। इसके लिए उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है। पैगंबर पर दिए बयान को लेकर दुनिया भर में नाराजगी जाहिर की गई। उस पर सरकार ने संबंधित नेताओं को खिलाफ कार्रवाई की भी है। उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है।

इसलिए अपेक्षा की जा रही थी कि अल्पसंख्यक समुदाय के लोग न्यायालय के फैसले का इंतजार करेंगे और ऐसा कुछ भी नहीं करेंगे, जिससे देश और समाज में अस्थिरता पैदा हो। पर कुछ शरारती तत्त्वों को शायद यह मुद्दा एक अवसर की तरह हाथ लगा है और वे इसे भुनाने का प्रयास कर रहे हैं। यही कारण है कि उन्होंने विरोध प्रदर्शन के लिए मस्जिदों को चुना। सब जानते हैं कि जुमे की नमाज के लिए भारी संख्या में लोग जुटते हैं और उन्हें उत्तेजित कर अपना मकसद आसानी से साधा जा सकता है। वरना उनका मकसद सचमुच केवल विरोध प्रदर्शन करना होता, तो वे कोई और जगह चुनते।

धार्मिक भावनाओं को भड़का कर अपने राजनीतिक स्वार्थ साधने वाले हर धर्म में मौजूद हैं। इस्लाम इससे अछूता नहीं है। यह बात इस समुदाय के लोग भी अच्छी तरह जानते हैं। फिर भी वे कैसे अपना विवेक खोकर हिंसक भीड़ में तब्दील हो गए। शायद लंबे समय से उनके भीतर दबा आक्रोश और असुरक्षाबोध अचानक प्रकट हुआ होगा। मगर इन घटनाओं के लिए पूरे समुदाय को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। उन लोगों की पहचान होनी चाहिए, जिन्होंने साजिशन भीड़ को हमलावर बना दिया। फिर यह सवाल अपनी जगह है कि कैसे खुफिया एजंसियों और प्रशासन को ऐसी घटना की आशंका नहीं हुई। हफ्ता भर पहले ही कानपुर में, जुमे के रोज हिंसक विरोध प्रदर्शन हुआ था। उस घटना से कोई सबक लेना क्यों जरूरी नहीं समझा गया कि इस जुमे को भी उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में वैसी ही घटना हो गई।

# अर्थव्यवस्था की चुनौतियां

**पिछले दिनों आए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2021-22 में भारत की अर्थव्यवस्था की विकास दर 8.7 फीसद रहने का अनुमान है। यह सुकून की बात इसलिए है कि दूसरे देशों के मुकाबले भारत की वृद्धि दर संतोषजनक रही। लेकिन दूसरी ओर खनन, विनिर्माण, व्यापार, परिवहन जैसे क्षेत्रों में सुस्ती का रुख बने रहना चिंता की बात है। इस समय अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी चुनौती बढ़ती महंगाई है। साथ ही, पिछले वित्त वर्ष में जो व्यापार घाटा एक सौ बानवे अरब डालर था, वह चालू वित्त वर्ष 2022-23 में तेजी से बढ़ कर दो सौ पचास अरब डालर के स्तर पर पहुंच सकता है। आंकड़ों से स्पष्ट है कि पिछले वित्त वर्ष की तरह चालू वित्त वर्ष 2022-23 में वैश्विक मंदी के परिदृश्य के बीच विकास दर को आठ-नौ फीसद तक बढ़ाना आसान नहीं है। ऐसे में निर्यात और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआइ) बढ़ाने, निजी उपयोग के साथ सरकारी पूंजीगत खर्च में इजाफा, कृषि क्षेत्र की मजबूत वृद्धि, खाद्यान्न के और अधिक उत्पादन तथा विदेश व्यापार घाटे को नियंत्रित करने पर ध्यान देना होगा। गौरतलब है कि चालू वित्त वर्ष में एफडीआइ और निर्यात को बढ़ाने के लिए और ज्यादा प्रयास करने होंगे।**

**अर्थव्यवस्था** की चुनौतियों से निपटने के लिए जरूरी है कि अधिक निर्यात हो, घरेलू मांग बढ़े, विनिर्माण और सेवा क्षेत्र का अच्छा प्रदर्शन हो, कृषि पैदावार बढ़े और अच्छे मानसून और ग्रामीण भारत के प्रति सरकार की समर्थनकारी नीति जारी रहे। तभी देश की विकास दर ऊंचाइयों को छू पाएगी। 2021-22 में उत्पाद निर्यात लक्ष्य से भी अधिक चार सौ उन्नीस अरब डालर से अधिक रहा है। यह मामूली बात नहीं है कि वैश्विक मंदी की चुनौतियों के बीच 2021-22 में भारत में एफडीआइ में रेकार्ड बढ़ोतरी हुई। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक भारत में 2021-22 में 83.57 अरब डालर का एफडीआइ आया, जबकि 2020-21 में 81.97 अरब डालर का एफडीआइ आया था। जी-20 देशों में भारत सबसे तेज गति से आर्थिक विकास करने वाला देश है और देश में अब तक का सबसे ज्यादा पूंजी निवेश हुआ है। इस वक्त दुनिया खाद्यान्न संकट से भी जूझ रही है। ऐसे में देश में कृषि विकास और खाद्यान्न पैदावार बढ़ाने के लिए अधिक प्रयासों की जरूरत है। जीडीपी के आंकड़ों के अनुसार कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर तीन फीसद रही है। इस मजबूत वृद्धि दर में रेकार्ड खाद्यान्न उत्पादन के साथ-साथ बागवानी, फूलों की खेती और पशुपालन जैसे गैर फसल क्षेत्रों का भी विशेष योगदान है। हाल में कृषि मंत्रालय के अग्रिम अनुमान के अनुसार फसल वर्ष 2021-22 में देश में कुल खाद्यान्न उत्पादन 31.45 करोड़ टन रहेगा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 37.7 लाख टन अधिक है।

निश्चित रूप से देश में कृषि विकास के क्षेत्र में सराहनीय प्रयासों से कृषि वृद्धि दर बढ़ी है। पिछले कुछ वर्षों में कृषि बजट में करीब छह गुना वृद्धि, नए कृषि उद्योग, कृषि क्षेत्र में ड्रोन का प्रयोग, कृषि शोध और खेती में आधुनिक तकनीकों के प्रयोग से कृषि और किसानों की दशा में काफी सुधार आया है। ऐसे में देश में खाद्यान्न संकट भी दूर हुआ है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि देश में लगातार रेकार्ड खाद्यान्न उत्पादन से अब पूरी दुनिया में भारत को अनाज के नए वैश्विक भंडार की संभावनाओं वाले देश के रूप में रेखांकित किया जा रहा है। ऐसे में प्रचुर खाद्यान्न उत्पादन के लिए अधिक रणनीतिक प्रयास करने होंगे।

यह कोई छोटी बात नहीं है कि कोविड-19 और यूक्रेन संकट के बीच भी दुनिया के प्रमुख देशों के साथ भारत का व्यापार बढ़ रहा है। लेकिन साथ ही व्यापार घाटा चुनौती बना हुआ है। इसलिए अब व्यापार घाटा कम करने के प्रयासों पर जोर होना चाहिए। इस परिप्रेक्ष्य में उल्लेखनीय है कि पिछले महीने अमेरिका, भारत, जापान और आस्ट्रेलिया के रणनीतिक मंच क्वाड के दूसरे शिखर सम्मेलन में चारों देशों ने जिस समन्वित शक्ति का शंखनाद किया है और बुनियादी ढांचे पर पचास अरब डालर से अधिक रकम लगाने का वादा किया है, वह भारत के उद्योग-कारोबार के विकास में मील का पत्थर साबित हो सकता है। इसके अलावा हाल के वर्षों में जी-7 और जी-20 देशों के साथ भारत के व्यापार संबंधों और इसी साल यूरोपीय देशों के साथ किए गए आर्थिक समझौतों से भारत का विदेश व्यापार बढ़ेगा। यह बात भी महत्त्वपूर्ण है कि भारत ने बहुत कम समय में संयुक्त



अरब अमीरात और आस्ट्रेलिया के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) को मूर्त रूप दे दिया है। अब यूरोपीय संघ, ब्रिटेन, कनाडा, खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के छह देशों, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका और इजराइल के साथ एफटीए के लिए प्रगतिपूर्ण वार्ताएं प्रगति पर हैं। अब विदेश व्यापार इस तरह बढ़ाना होगा कि घाटा कम हो सके। पिछले महीने आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम के तहत घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के तरीकों के संबंध में उद्योगों के प्रतिनिधियों के साथ सरकार ने विशेष बैठक की थी। इस बैठक में ऐसे प्राथमिकता वाले उत्पादों की पहचान की गई, जिनके आयात में पिछले कुछ महीनों में इजाफा हुआ है। इन उत्पादों में विद्युत उपकरण, धातुएं, रसायन, पेट्रोलियम उत्पाद, कीमती रत्न, बैटरी, प्लास्टिक और वस्त्र शामिल हैं। ये ऐसे उत्पाद हैं जिनके उत्पादन को बढ़ावा देकर आयात में कमी की जा सकती है और निर्यात में वृद्धि की जा सकती है। इसके अलावा बढ़ते व्यापार घाटे को कम करने के लिए प्रमुख उत्पादों का घरेलू उत्पादन बढ़ा कर चीन से व्यापार घाटा कम किया जा सकता है। पिछले छह-सात वर्षों से चीन से व्यापार घाटा कम करने के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं। इनमें टिकटाक सहित विभिन्न चीनी एपों पर प्रतिबंध, चीनी सामान के आयात पर नियंत्रण, कई चीनी उत्पादों पर शुल्क वृद्धि, सरकारी विभागों में चीनी उत्पादों की जगह यथासंभव स्थानीय उत्पादों के उपयोग की प्रवृत्ति जैसे प्रयास शामिल हैं। यह जरूरी है कि घरेलू उत्पादन वृद्धि और स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहन के साथ आत्मनिर्भर भारत आभियान को तेजी से आगे बढ़ा कर व्यापार घाटा कम किया जाए। इस ओर भी ध्यान देना होगा कि देश में अभी भी दवा उद्योग, मोबाइल उद्योग, चिकित्सा उपकरण उद्योग, वाहन उद्योग और बिजली उपकरण जैसे कई उद्योग काफी हद तक चीन से आयातित कच्चे माल पर आधारित हैं। ऐसे में चीन के कच्चे माल का विकल्प तैयार करने के लिए पिछले डेढ़ वर्ष में सरकार ने उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआइ) योजना के तहत तेरह उद्योगों को करीब दो लाख करोड़ रुपए आवंटन के साथ प्रोत्साहन सुनिश्चित किए। हालांकि देश के कुछ उत्पादक चीन के कच्चे माल का विकल्प बनाने में सफल भी हुए हैं, परंतु अभी इन क्षेत्रों में अतिरिक्त प्रयासों से चीन और अन्य देशों से आयात कम किए जाने की जरूरत बनी हुई है।

## व्यापार समाचार

## ऐमजॉन को लगा तगड़ा झटका

# 45 दिनो में 200 करोड़ रुपये का जुर्माना देना होगा

नई दिल्ली।

भारत के रिटेल मार्केट में दबदबा बनाने में लगी अमेरिका की दिग्गज कंपनी ऐमजॉन को तगड़ा झटका लगा है। नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल ने एमेजॉन के खिलाफ कंप्टीशन कमीशन ऑफ इंडिया के आदेश को बरकरार रखा है।

सीसीआई ने एमेजॉन पर कुछ नियमों के उल्लंघन के लिए 200 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया था। एनसीएलएटी ने इसे सही ठहराया है और कंपनी को 45 दिन के भीतर 200 करोड़ का जुर्माना भरने का निर्देश दिया है। सीसीआई ने पिछले साल दिसंबर में अपना ही दो साल पुराना फैसला पलटते हुए एमेजॉन पर कुछ नियमों के उल्लंघन के लिए 200 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया था। सीसीआई ने दो साल पहले एमेजॉन को फ्यूचर कूपंस में हिस्सेदारी खरीदने की अनुमति दी थी लेकिन बाद में खुद ही इसे पलट दिया। उसका कहना था कि ऐमजॉन ने गलत और झूठे स्टेटमेंट दिए थे। एमेजॉन ने सीसीआई के फैसले के खिलाफ एनसीएलएटी में अपील दायर की थी। सीसीआई के आदेश




पर मुहर लगाते हुए एनसीएलएटी ने कहा कि एमेजॉन ने सौदा करते समय फ्यूचर रिटेल में निहित अपने स्वार्थ के बारे में पूर्ण और सही जानकारी नहीं उपलब्ध कराई थी। एनसीएलएटी ने कहा है कि एमेजॉन ने सौदे से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां छुपाई थी। साल 2019 में एमेजॉन ने फ्यूचर कूपंस में 49 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने पर सहमति जताई थी। इस कंपनी की कनवर्टिबल वॉरंट्स के जरिए फ्यूचर रिटेल में 7.3 फीसदी हिस्सेदारी थी। कर्ज में डूबे किशोर बियानी के फ्यूचर ग्रुप ने अपना रिटेल कारोबार बेचने के लिए 2020 में रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ एक डील की थी। लेकिन ऐमजॉन ने इसे चुनौती दी थी। इस बारे में कई अदालतों में मामला चल रहा है। इस बीच रिलायंस ने फ्यूचर रिटेल के साथ डील खत्म कर दी। लेकिन रिलायंस ग्रुप ने फ्यूचर रिटेल के 800 से अधिक बिग बाजार स्टोर्स पर कब्जा कर लिया है।

# सेंसेक्स 1456 पॉइंट की गिरावट के साथ 52846 पर बंद

मुंबई।

घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को बड़ी गिरावट आयी और बीएसई सेंसेक्स 1,457 अंक का गोता लगाकर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी लुढ़क कर 15,774 के स्तर पर आ गया। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के साथ विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने से बाजार में गिरावट आयी।

सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाले आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज में भारी बिकवाली का असर दिखा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,456.74 अंक यानी 2.68 प्रतिशत की गिरावट के साथ 52,846.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,776.36 अंक तक नीचे चला गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 427.40 अंक यानी 2.64 प्रतिशत की गिरावट के साथ 15,774.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, इंडसइंड बैंक, टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, टीसीएस, एनटीपीसी, इन्फोसिस और भारतीय स्टेट बैंक में प्रमुख रूप से गिरावट रही। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, हांगकांग का हैंगसेंग और चीन का शंघाई कंपोजिट सूचकांक भी भारी नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में भी दोपहर कारोबार में गिरावट का रुख था। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख एस रंगनाथन ने कहा, ''फेडरल रिजर्व की बैठक से पहले कमजोर वैश्विक रुख का असर घरेलू बाजार पर भी पड़ा। बाजार को आज जारी होने वाले उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े की प्रतीक्षा है। अमेरिका में मुद्रास्फीति के बढ़ने से वहां नीतिगत दर में तेज वृद्धि की संभावना है।







## आज का राशिफल

### मेष

आपका आज का दिन आध्यात्मिक दृष्टि से अनोखी अनुभूति कराने वाला साबित होगा। गूढ़ और रहस्यमय विद्याएं सीखने में आप विशेष रुचि लेंगे। आध्यात्मिक सिद्धियां मिलने का योग है।

### वृषभ

आज का दिन शुभ फलदायी है। मानसिक प्रसन्नता का अनुभव होगा। परिजन तथा निकट के लोगों के साथ अधिक समय गुजरेगा। सामाजिक जीवन में आप सफलता और यश प्राप्त कर पाएंगे।

### मिथुन

कार्य-सफलता और यश-कीर्ति प्राप्त होने के लिए आज का दिन शुभ है। परिजनों के साथ आप आनंद-उल्लासपूर्ण वातावरण में सुखपूर्वक समय व्यतीत करेंगे। आर्थिक लाभ की भी आज संभावना अधिक है।

### कर्क

आवश्यक विषयों के पीछे धन खर्च होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थता का अनुभव होगा। फिर भी वाणी और क्रोध पर संयम रखें, अन्यथा मन को चोट पहुंच सकती है। कार्यालय में सहकर्मियों का सहयोग प्राप्त होगा।

### सिंह

शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। किसी भी नए काम की शुरुआत के लिए दिन अच्छा नहीं है। मानसिक अशांति और उद्वेग आपके मन पर छाया रहेगा। खिन्नता रहेगी। पेट दर्द, अजीर्ण से आप परेशान रहेंगे।

### कन्या

घर में वाद-विवाद का वातावरण रहेगा। आप शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। मन किसी चिंता में रहेगा। नेगेटिव विचार आपको परेशान करेंगे.. माता के स्वास्थ्य की चिंता आपको रह सकती है।

### तुला

आज आपको किसी भी काम में बिना सोचे-समझे भाग नहीं लेना है। साथियों के साथ अच्छी तरह से समय गुजरेगा। भावनात्मक संबंधों में आप नरम रहेंगे। मित्रों एवं स्वजनों से भेंट होगी। भाई-बहनों से लाभ होगा।

### वृश्चिक

आज आपका मन दुविधाओं में उलझा रहेगा। निर्णय न ले पाने के कारण नए काम शुरू नहीं कर पाएंगे। आज आप सम्बंधों में औपचारिकता रखें, नहीं तो मनमुटाव होने की संभावना है। व्यवहार में जिद्दीपन छोड़ दें।

### धनु

सुख एवं आनंद की प्राप्ति होगी। परिजनों के साथ आनंद-उल्लास में समय व्यतीत होगा। मित्रों, स्नेहीजनों से उपहार मिलने से मन खुश होगा। प्रियजनों के साथ हुई मुलाकात सफल रहेगी। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

### मकर

आज का दिन आपके लिए कठिनता भरा हो सकता है। परिजनों के साथ बहस होगी। किसी से उग्र व्यवहार के कारण मन दुःख हो सकता है। वाणी पर संयम रखना पड़ेगा। मन के आवेश पर अंकुश रखना पड़ेगा।

### कुंभ

आज का दिन लाभदायी है। संबंधियों और मित्रों से आनंददायी मुलाकात होगी। विवाहोत्सुकों को इच्छित जीवनसाथी मिलने से आनंद में वृद्धि होगी। व्यापार की दृष्टि से भी लाभदायी दिन है।

### मीन

आज प्रत्येक काम में सरलता से सफलता प्राप्त होगी। आप मानसिक रूप से प्रफुल्लित रहेंगे। नौकरी में अधिकारियों की प्रसन्नता के कारण पदोन्नति के योग हैं। बड़ों के आशीर्वाद भी आपके साथ हैं।

## पैगम्बर मोहम्मद साहब पर दिए बयान के बाद

# नहीं थम रहा नुपूर शर्मा का विरोध

## नागौर, डीडवाना, कुचामन व हरसौर में प्रदर्शन कर सौंपे ज्ञापन










सद्दाम रंगरेज/अबरार अली बेरी/जुगल दायमा

**नागौर/डीडवाना/कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा द्वारा एक टीवी डिबेट में पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब पर दिए गए बयान पर जहां पूरी दुनियां से प्रतिक्रियाएं आ रही है वहीं नागौर जिले में भी सोमवार को विभिन्न स्थानों पर शांतिपूर्वक रैली निकालकर ज्ञापन सौंपे गए। नागौर जिला मुख्यालय पर बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगो ने इकट्ठा होकर प्रदर्शन करते हुए व नारेबाजी करते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इसके बाद कलेक्टर पियूष समारिया को राष्ट्रपति और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। कलेक्टर पियूष समारिया को सौंपे गए ज्ञापन में पैगंबर मोहम्मद पर टिप्पणी करने को लेकर नूपुर शर्मा पर कार्रवाई की मांग की गई। नागौर में मुस्लिम समाज के इस प्रदर्शन को देखते हुए सोमवार सुबह मौके पर पुलिस का भारी जाप्ता तैनात रहा ताकि किसी भी प्रकार का विवाद या तनाव जैसी स्थिति न हो।

### डीडवाना में शांतिमार्च निकाल विरोध दर्ज करवाया

गत दिनों एक टीवी डिबेट के दौरान भाजपा प्रवक्ता नूपुर शर्मा और नवीन जिंदल द्वारा इस्लाम धर्म के पैगम्बर

### लोगो ने एक स्वर में कहा भेदभाव बर्दाश्त नहीं, गिरफ्तार हो समाजकंटक

मोहम्मद साहब पर की गई कथित टिप्पणी के बाद सम्पूर्ण विश्व से तीखी प्रक्रियाएं सामने आ रही है उसी क्रम में सोमवार को प्रात: 11 बजे डीडवाना शहर के हजारों मुश्लिमों ने एक शांति मार्च निकाला अपना विरोध दर्ज करवाया। नायब शहर काजी जनाब सादिक उसमानी साहब, आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट हकीम खान और पार्षद मलिक खत्री के नेतृत्व में प्रात: 11 बजे शहर के नियारियान चौक से नागौरी गेट होते हुए उक्त मार्च कचहरी परिसर पहुँचा जहाँ उपखण्ड कार्यालय के माध्यम से एक ज्ञापन मुख्यमंत्री से होते हुए देश के राष्ट्रपति को संबोधित कर दोषियों पर उचित कार्यवाही, गिरफ्तारी और इंसाफ का तकाजा किया गया है।

हजारों लोगों की इस शांति पूर्ण मार्च में मौलाना मिन्हाज्जुल इस्लाम, हाफिज़ अशरफ गरदेजी, मौलाना मोहम्मद उस्मान, मौलाना इकबाल फैजानी, हाजी मोहम्मद शरीफ रंगरेज, अय्यूब खान नानाजी, भँवर खान धोलिया, शौकत शाह सहित बड़ी संख्या में समाज के मौजिज लोग शामिल थे। दूसरी तरफ इस मार्च को लेकर प्रशासन और पुलिस पूरी तरह सतर्क नजर आया, वृताधिकारी गोमाराम, वृत निरीक्षक राजेश डूडी मय जाब्ता जुलूस के साथ रहे वंही यातायात पुलिस भी मुस्तेदी से काम करती नजर आयी ।

### कुचामन में ज्ञापन सौंपकर की गिरफ्तारी की मांग

इसी प्रकार कुचामन शहर में भी सोमवार को प्रात: 11 बजे बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के प्रबुद्धजन इकट्ठा हुए तथा एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर नुपूर शर्मा के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की गई। कुचामन के मुस्लिम समाज ने मांग की कि हॉल ही में एक मुस्लिम युवक द्वारा एक आधे कटे लिची फल की फोटो सोशल मीडिया पर डालने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया जबकि नुपूर शर्मा ने करोड़ों लोगो के सामने लाइव टीवी डिबेट में मोहम्मद साहब की अभद्र टिप्पणी की जिसे जानबुझकर गिरफ्तार नहीं किया जा रहा है जो सरासर गलत है। मुस्लिम समाज के लोगो ने कहा कि टीवी चैनलों पर चलने वाली इन धार्मिक डिबेट्स पर भी रोक लगनी चाहिए। इस दौरान मुफ्ती अब्दुल नईम, मदरसा इस्लामिया सोसायटी के सदर सलीम कुरैशी, सेकेट्री इकबाल भाटी, नायब सदर सत्तार बड़गुर्जर, सदस्य सलीम मणियार, हबीब सौलंकी, इस्माइल शाह, याकूब कुरैशी, हबीब मौलानी, अजमत मौलानी, मिजाज रंगरेज, पार्षद अयूब तबाक, मुस्लिम एज्यूकेशन सोसायटी अध्यक्ष मो. शकील, आरिफ टॉक, जहीर खान, नासिर रंगरेज, हारून कारीगर, पार्षद बूंदू न्यारिया, मास्टर मईनुद्दीन शेख, असलम गौरी, पार्षद फैसल रंगरेज, कॉमरेड अब्बास खान, इलियास गुरू, पार्षद फारूख कलाल, रफीक खान नेता, अब्दुल हमीद आरबी, जावेद कलाल, इमरान देवड़ा, इमरान खान, मनोनीत पार्षद भंवरअली खान, सैयद रफीक, नवाब कलाल, मजीद कारीगर, पार्षद इमरान खान, डीएम कुरैशी, एडवोकेट गुलहसन खान, मेहमूद बागवान सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### हरसौर में दिखा भारी आक्रोश

बीजेपी की राष्ट्रीय प्रवक्ता नूपुर शर्मा द्वारा टीवी डिबेट के दौरान पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब पर दिए विवादित बयान को लेकर सोमवार को हरसौर कस्बे में रोष देखा गया। मुस्लिम समाज ने बयान की निंदा की। भाजपा प्रवक्ता के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की। मीठा पीर बाबा की दरगाह के पास समाज की ओर से मौन रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर सरपंच जाकिर हुसैन ने कहा कि समाज को तोड़ने और हिन्दू-मुस्लिम भाईचारे को खत्म करने के लिए रोज नए-नए हथकंडे अपना रहे हैं। भाजपा की राष्ट्रीय प्रवक्ता नूपुर शर्मा ने राष्ट्रीय चैनल पर एक डिबेट शो के दौरान जो बयान दिया उसे मुस्लिम समुदाय कभी भी बर्दाश्त नहीं कर सकता। एक सच्चा मुस्लिम सदैव अपने वतन की हिफाजत और इज्जत की कसम खाता है। परंतु अपने नबी की नामुस से कभी समझौता नहीं कर सकता। शर्मा को इस गुस्ताखी के लिए तुरंत गिरफ्तार कर सख्त से सख्त सजा दिलाई जाए। ऐसे टीवी डिबेट शो जिन पर किसी भी धर्म या व्यक्ति की भावनाओं के साथ छेड़छाड़ की जाए उन्हें भी बंद किया जाए। टीवी एंकरों पर भी सख्त कार्यवाही होनी चाहिए। आक्रोशित लोगों ने एसडीएम रविन्द्र चौधरी को राष्ट्पति के नाम ज्ञापन भी सौंपा।

**ये रहे मौजूद**-प्रदर्शन के दौरान सरपंच जाकिर हुसैन, छोटू मोहम्मद बिसायती, सलीम मौलाना, समाजसेवी सुल्तान मोहम्मद, जोमुदीन, रियाजुद्दीन, मोहम्मद हुसैन, फैयाज मौलाना, सिराजुद्दीन मौलाना, खुर्शीद दायमा, अब्दुल हमीद मुल्तानी, नदीम अंसारी, मुन्नीर मोहम्मद, आबिद हुसैन, दिलदार खिंची, शौकत मुल्तानी सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग उपस्थित रहे।

## हरे पेड़ों की अवैध कटाई को लेकर सौंपा ज्ञापन



जुगल किशोर शर्मा

**परबतसर( नागौर डेली न्यूज ) :** परबतसर में हरे पेड़ों की अवैध कटाई व परिवहन पर उचित कार्यवाही की मांग को लेकर सोमवार को उपखंड अधिकारी के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन गया। ज्ञापन में बताया गया कि पर्यावरण की चुनौतियां दिन-प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है, जिसके निराकरण के लिए सरकार विभिन्न प्रकार के प्रयास स्थानीय, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर करती है। जनता भी जागरूक रहकर वृक्षारोपण व अन्य उचित माध्यमों से अपना योगदान देती है। दूसरी ओर कई स्वार्थी लोग अपने आर्थिक लाभ के लिए समाज, पर्यावरण और सरकार के विरुद्ध कृत्य करते हैं। पिछले कुछ महीनों से परबतसर क्षेत्र में हरे पेड़ों की अवैध कटाई का काम धड़ल्ले से चल रहा है। सायंकाल से रात्रि तक परबतसर से जुड़ी विभिन्न सड़कों पर कटे पेड़ों से लदी ट्रैक्टर ट्रॉलियों परिवहन करते है जो हुलदाणी -बडू मार्ग, पनेर मार्ग व मेगा हाइवे पर रात्रि में साफ देखे जा सकते हैं।

## बालोदिया परिवार के सौजन्य से नैत्र शल्य चिकित्सा शिविर का हुआ शुभारम्भ

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** कुम्हारान पंचायत कुचामन के तत्वावधान में तथा शिम्भूदयाल बालोदिया के सौजन्य से सोमवार को राजकीय चिकित्सालय कुचामनसिटी में विशाल नि:शुल्क नैत्र शल्य चिकित्सा एवं कृत्रिम लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। प्रात: 9.15 बजे मुख्य अतिथि हरिश्चंद्र कुमावत, राजकीय चिकित्सालय के पीएमओ प्रहलाद बाजिया, डॉ. लुकमान खान, नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन गोरुराम कुमावत, पूर्व नगर परिषद आयुक्त अजमेर संभाग किशन लाल, रुघनाथ पिपलोदा, राजाराम प्रजापत, शम्भु दयाल कुमावत, शिव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष राजकुमार फौजी, ट्रस्ट के पदाधिकारी कोषाध्यक्ष भैंरुलाल धुमाणया, हंसराज मारवाल, महामंत्री रामदेव सिहोटा, मोहन राजोरिया, राजेंद्र मारवाल, प्रभु दयाल पिपलोदा, गणपत नगवाड़ा ने सभी अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया। शिविर में जरूरतमंदों की आंखों की जांच कर 14, 15 व 16 जून तक लेंस प्रत्यारोपण किया जाएगा। मुख्य अतिथि हरीश चंद्र कुमावत, डॉक्टर लुकमान खान ने सभी जरूरतमंद लोगों को नि:शुल्क नेत्र प्रत्यारोपण शिविर शल्य चिकित्सा के लिए सही मार्गदर्शन दिया तथा शिव मंदिर समस्त कुमाहारान पंचायत ट्रस्ट को भामाशाह शिम्भु दयाल कुमावत को धन्यवाद दिया।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर कुमावत विकास समिति के अध्यक्ष बाबूलाल पलाड़ा ,पार्षद बाबूलाल साडीवाल, हंसराज आयथान, जगदीश किरोड़ीवाल, भागीरथ सिरस्वा, पार्षद छीतर सोकल, शंकर जेठीवाल, अपना समाज 2018 के कुमावत युवक मंडल के सभी सदस्य रामू सिहोटा, श्रवण पिपलोदा, मुन्नालाल काछवाल, सलीम मणियार, मुस्लिम एज्यूकेशन सोसायटी के अध्यक्ष मो. शकील, लायंस क्लब के अध्यक्ष रामकाबरा, दुर्गेश मारोठिया, सत्यनारायण जायलवाल सहित बड़ी संख्या में शहर के प्रबुद्धजन मौजूद थे।

## पूर्व विधायक गैसावत के जन्मदिन के पोस्टर का विमोचन कल



मोहम्मद शहजाद

**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** मकराना के पूर्व विधायक व नागौर जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष जाकिर हुसैन गैसावत के 52वें जन्मदिन 5 जुलाई के अवसर पर मकराना विधानसभा क्षेत्र के युवा कार्यकर्ताओं की भारी मांग पर विशाल रक्तदान शिविर आयोजन किया जा रहा है, जिसको लेकर मंगलवार मकराना विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों से युवा साथियों ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा करने लिए विचार विमर्श बैठक की, जिसमें युवाओं ने अपनी तरफ से ये फैसला किया कि आगामी 5 जून को मकराना में बड़े स्तर पर रक्तदान शिविर सहित विभिन्न प्रकार के समाज सेवा के कार्यक्रम किए जाएंगे। इसमें क्षेत्र में अधिकाधिक पेड़ पौधे लगाना, गरीबों को खाना खिलाना, फल-फ्रूट वितरण, मास्क सेनेटाइजर बांटना, गाय एवं पशुपक्षियों को रिजका दाना पानी खिलाना इत्यादि सेवा शामिल है। इसी क्रम में 15 जून को ज़ाकिर हुसैन गैसावत के निवास स्थान पर रक्तदान का पोस्टर विमोचन किया जाएगा।

इस मौके पर आमीर गैसावत जोन्टी, भवानी राठौड़, संदीप लाडोली, राहुल राठौड़, मोहम्मद इरशाद, सद्दाम खत्री, मोइनुद्दीन लोहार, अभिषेक सिरसू, आदिल चौहान, राजपाल मनानी, अजित सिंह कोलाडूगरी, विक्रम चौहान, अजुल गौरी, फरीन सिसोदिया, सुमित सैनी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राम काबरा रक्तदाता सम्मान से सम्मानित

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** विश्व रक्तदाता दिवस की पूर्व संध्या पर मुंशीराम मित्तल मेमोरियल सेवा समिति ब्लड सेंटर द्वारा सीकर में आयोजित रक्तदाता सम्मान समारोह में लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष लॉयन राम काबरा को 44वीं बार रक्तदान करने एवं रक्तदान शिविरों का माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की युवा पीढ़ी में रक्तदान के प्रति अलख जगाने के लिए किए गए उत्कृष्ट कार्यों हेतु सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया, विशिष्ट अतिथि सीएमएचओ सीकर डॉ. अजय चौधरी, डॉ. जी एल राठी, डॉ सोहन चौधरी एवं मुंशीराम मित्तल मेमोरियल सेवा समिति चैयरमैन डॉ जी एस मित्तल ने लॉयन राम काबरा एवं उनकी जीवनसंगिनी लॉयन रेखा काबरा को स्मृति चिन्ह एवं सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। लॉयन राम काबरा ने बताया रक्तदान करने से दिल को सुकून एवं अपने रक्त से किसी को जिंदगी मिलती है साथ ही हम भी स्वस्थ रहते है इसी को महसूस करते हुए मे नियमित रूप से साल में तीन बार रक्तदान करता हूं। तथा विश्व रक्तदाता दिवस पर सभी युवाओं से निवेदन आपको जब भी अवसर मिले आप स्वस्थ रहने के लिए रक्तदान अवश्य करें आपके द्वारा किये गए इस महादान से निश्चित रूप से तीन रोगियों का जीवन बचाया जा सकता है।

## खण्डेला के अधिवक्ता स्व. मावलिया की आत्मा की शांति के लिए की प्रार्थना


सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** बार संघ कुचामनसिटी ने सोमवार को मौन रखकर खण्डेला में साथी अधिवक्ता स्वर्गीय हंसराज मावलिया की आत्मा की शांति की प्रार्थना की गई। इस प्रकार की घटना भविष्य में ना हो इसके लिए सभी को एकजुट रहने व भ्रष्टाचार के विरूद्ध आवाज़ उठाने पर चर्चा की गयी। इस दौरान एडवोकेट पुष्पेन्द्रसिंह, रमेश चौधरी, प्रेम सिंह, दौलत खान, बोदुराम, दराब खान, भँवरा राम चौधरी, श्रीराम चौधरी, सुधीर कोशिक, राजेंद्र राथी, कमल शेषमां आदि मौजूद रहे।

## मास्टर प्लान व ग्राम चांदारूण को नगरपालिका डेगाना में शामिल करने विरोध

### सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरूषों ने दिया ज्ञापन


शौकत खान



**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** उपखंड कार्यालय मे सोमवार को चांदारुण के पूर्व सरपंच अजीत सिंह के नेतृत्व में हजारों महिलाओं व पुरूषों ने उपखंड अधिकारी डेगाना को मुख्यमंत्री, शहरी विकास मंत्री सहित कार्यालयों के लिये ज्ञापन सौंपा। अजीत सिंह ने बताया कि नरगपालिका मण्डल डेगाना में ग्राम चान्दारूण को शामिल किया जा रहा है। जिस बात का आम जनता ग्राम चान्दारूण घोर विरोध करती है। ग्राम चान्दारूण वर्तमान समय में ग्राम पंचायत मुख्यालय है तथा आम जनता चान्दारूण की यह मंशा है कि इसे यथावत रखा जाकर ग्राम पंचायत के रूप में ही भविष्य में पंचायत हैडक्वाटर रखा जायें तथा जनविरोध की वजह से किसी भी सूरत में नगरपालिका मण्डल ड़ेगाना में शामिल नहीं किया जाये। जब से ग्राम के लोगों को नगरपालिका मण्डल ड़ेगाना में ग्राम चान्दारुण को शामिल किए जाने की जानकारी मिली है, तब से आम जनता चान्दारूण में इस बात को लेकर भारी आकोश है। साथ ही अभी हाल ही में नगरपालिका मण्डल डेगाना का जो प्रस्तावित मास्टर प्लान 2041 घोषित किया गया है, उसमें बाल हनुमान मन्दिर डेगाना से ग्राम चान्दारूण होते हुऐ मिठडिया तक ग्रीन बेल्ट एवं हाईवे विकास नियन्त्रण क्षेत्र घोषित किया गया है, जिससे इस सड़क के आस पास स्थित तमाम कृषको व गरीब वर्ग को भारी क्षति होने की आशंका है। ग्राम चान्दारूण वासियो की पुरजोर मांग हे की ग्राम चांदारुण को नगरपालिका मण्डल डेगाना में शामिल नहीं किया जावें तथा उसे यथावत ग्राम पंचायत के रूप में ही रखा जावें तथा प्रस्तावित मास्टर प्लान 2041 के तहत बाल हनुमान मन्दिर डेगाना से मिठडियां तक घोषित ग्रीन बेल्ट व हाईवे विकास नियन्त्रण को निरस्त फरमाया जावें। अगर सरकार ग्रामवासियों की बात को नजर अंदाज करती हे तो गांववासियो द्वारा उग्र प्रदर्शन किया जायेगा जिसकी जिम्मेदारी सरकार व प्रसासन की रहेगी।

# टैगोर स्कूल के 5 होनहारों को मिले 95% अंक, 90% वालों की संख्या 34

## टॉपर नीरज चौधरी ने प्राप्त किए 96.83 प्रतिशत अंक



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर द्वारा घोषित 10 वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम में शहर के टैगोर सीनियर सैकण्डरी स्कूल ने एक बार फिर बाजी मारते हुए परिणाम के मामले में शिक्षा नगरी को प्रदेशभर में नेतृत्व प्रदान किया है। विद्यालय के 5 होनहारों ने जहां 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए है वहीं 34 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर शिक्षा नगरी की साख को और मजबूत किया है। टैगोर एज्युकेशन ग्रुप के चैयरमेन पूर्णसिंह रणवां ने बताया कि कक्षा दसवीं में विद्यालय से कुल प्रविष्ठ 263 विद्यार्थियों में से 73 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक एवं 102 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर शिक्षा नगरी का बहुमान किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 99.23 प्रतिशत रहा है। कुल 263 विद्यार्थियों में से 217 ने प्रथम श्रेणी, 39 ने द्वितीय श्रेणी तथा 5 ने तृतीय श्रेणी प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया है।









### विद्यालय परिवार ने किया अभिनन्दन-

श्रेष्ठ परिणाम पर संस्थान परिवार द्वारा विद्यार्थियों का अभिनन्दन किया गया। टैगोर एज्यूकेशन ग्रुप के चैयरमेन पूर्णसिंह रणवां, टैगोर कॉलेज के निदेशक सीताराम चैधरी, टैगोर डिफेंस कोंचिग सेंटर के प्रबंधक निदेशक सुल्तान सिंह कल्याणपुरा, शिक्षाविद झाबर सिंह चाहर, छात्रावास अधीक्षक जगदीश कुल्हरी, डॉ. दूलाराम चौधरी, बी.एल. बगड़िया, राजेन्द्र गढ़वाल, गजेन्द्र सिंह, शायर सौऊ, विद्याधर कस्वां सहित संस्थान परिवार ने सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले होनहारों का मुंह मीठा कराकर, माल्यार्पण कर एवं साफा बंधन कर अभिनन्दन किया तथा उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

### टॉपर नीरज को मिले 96.83 प्रतिशत अंक-

टैगोर टॉपर नीरज चौधरी पुत्र शिवराज चौधरी निवासी राताकोट (विजयनगर) जिला अजमेर ने 96.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। नीरज को सामाजिक विज्ञान विषय में 100 में से 100 अंक मिले है। द्वितीय टॉपर निकिता कुमारी रॉयल पुत्री विराज कुमार निवासी ओमपुरा (कुकनवाली) कुचामन सिटी ने 96.33 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है वहीं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले आशीष पालावत पुत्र रणवीर सिंह निवासी गनोरा, दांतारामगढ (सीकर) ने 95.67 प्रतिशत अंक प्राप्त किये है। आशीष को भी सामाजिक विज्ञान में 100 में से 100 अंक प्राप्त हुए है। चतुर्थ स्थान पर रहे दो विद्यार्थियों अक्षित नेत्रा पुत्र भैरूराम नेत्रा कचोलिया कुचामन सिटी एवंलोकेश रावत पुत्र दयाराम रावत निवासी पनियाला (कोटपूतली) 95.17 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। पाँचवें स्थान पर भी दो विद्यार्थी जगदीश पुत्र श्री मगाराम निवासी गुढ़ा भगवानदास (खींवसर) एवं निशांत पुत्र लाखन सिंह निवासी नगर (भरतपुर) ने 94.50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है।

**इनका कहना**–टैगोर परिवार की टीम भावना ने 10 वीं बोर्ड का श्रेष्ठ परिणाम दिया है। इस परिणाम के लिए सर्वाधिक बधाई के पात्र टैगोर स्कूल के विद्यार्थी एवं योग्य तथा परिश्रमवान शिक्षक है, जिन्होंने रात–दिन एक किए है। मैं हृदय की गहराइयों से अभिभावकों को भी धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने टैगोर स्कूल पर विश्वास कर अपनी संतान को विद्यालय में दाखिला दिलवाया। विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को पुनः श्रेष्ठ परिणाम के लिए हृदय की गहराइयों से बधाई।

**पूर्णसिंह रणवां, ग्रुप चैयरमेन**
**टैगोर एज्यूकेशन ग्रुप कुचामनसिटी।**

# रामा स्कूल ने 15 वर्षों से श्रेष्ठ परिणाम देने की परम्परा को बनाये रखा अक्षुण



## प्रद्युमन सिंह राठौड़ ने 97% अंको के साथ किया टॉप

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर की ओर से घोषित दसवीं परीक्षा परिणाम में विगत पन्द्रह वर्षो से अपनी श्रेष्ठ परिणाम देने की परम्परा को अक्षुण बनाये रखते हुए एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। इस विद्यालय के छात्र प्रद्युमन सिंह राठौड़ पुत्र गजेन्द्र सिंह ने 97 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा छात्र सुजल डूडी पुत्र नानुराम ने 96.67 प्रतिशत अंको के साथ द्वितीय एवं चेतन बाजडोलिया पुत्र हुक्माराम ने 96.17 प्रतिशत अंको के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।






### 15 विद्यार्थियों ने प्राप्त किए 90 प्रतिशत से अधिक अंक

इस विद्यालय के 15 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय का शत् प्रतिशत परिणाम रहा। इस अवसर पर शाला निदेशक खेमाराम रणवां ने तिलक लगाकर व मुँह मीठा करके छात्रों का उत्साहवर्धन किया। सह निदेशक शेरसिंह रणवां ने इस परिणाम को बच्चों की कठोर एवं नियमित परिश्रम का फल बताया। प्रधानाचार्य हेमन्त सिंह व सुपरवाइजर मुकेश घसवां ने इसे शिक्षकों की मेहनत एवं निष्ठापूर्वक सतत् प्रयत्नों का परिणाम बताया। इस अवसर पर श्याम सुन्दर शर्मा, विनोद चौधरी, हितेन्द्र कुमार सेंवर, श्रवण कुमार भाकर, शिलीचन्द शर्मा, रतनाराम रणवां, पीथाराम गोदारा, श्रीमती सुनिता( फार्मासिस्ट), नेमाराम भाकर, आदि ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

# आस्था पब्लिक स्कूल ने लहराया परचम, 96.17 प्रतिशत के साथ अमित पूनिया रहा टॉपर

## 10वीं बोर्ड परीक्षा में अपने दूसरे ही वर्ष में उत्कृष्ट परिणाम देकर संस्था ने मनवाया लोहा

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** इण्डियन डिफेंस एज्यूकेशन ग्रुप द्वारा शहर के बूडसू रोड जसराणा में संचालित आस्था पब्लिक सैकण्डरी स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा है। निदेशक दयाल शेषमां ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान द्वारा सोमवार को जारी 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में विद्यालय के अमित पूनिया पुत्र भगवानाराम पूनिया ने 96.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिवार, विद्यालय व शहर का नाम रोशन किया है। अमित पूनिया ने इस सफलता का श्रेय निदेशक दयाल शेषमां, अपने माता–पिता व कड़ी मेहनत को दिया है।

ग्रुप निदेशक भूराराम शेषमा ने बताया कि आस्था विद्यालय ने 10वीं बोर्ड में अपने दूसरे ही वर्ष में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देकर झंडे गाड़ दिए हैं। शेषमां ने बताया कि विद्यालय के सभी विद्यार्थी 70 प्रतिशत से अधिक अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए है। उत्कृष्ट परीणाम आने के बाद संस्था परिसर में छात्र–छात्राओं का माला व साफा पहनाकर अभिनन्दन किया गया।

# एलियन के विद्यार्थियों ने फहराया सफलता का परचम



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** सोमवार को घोषित कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम में शहर की अंग्रेजी माध्यम एलियन पब्लिक स्कूल ने सफलता का परचम लहराया। सेकेंडरी परीक्षा में प्रविष्ट कुल 25 विद्यार्थियों में से 23 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी और 2 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए । शाला के लोकेश कुमार ने 92.67 प्रशित, आदित्य कुमावत ने 91 प्रतिशत, राजवीर ने 90.67 प्रतिशत, आशीष कुमार के 90.17 तथा दौलतराम ने 89.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला का नाम रोशन किया। दौलतराम ने गणित विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। शानदार परीक्षा परिणाम की घोषणा पर संपूर्ण शाला परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। शाला निदेशक सी.आर. कुमावत ने सभी को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस दौरान सचिव संजना कुमावत, प्रिंसिपल रेखा मिश्रा, उप प्रधानाध्यपक सुरेश दादरवाल, विशंभर शर्मा, पिंकी शर्मा, बीना पाराशर, पवन शर्मा, सुनील कुमावत, पूनम कुमावत, निशा शर्मा, नंदू राठौड़, बी.एल. कुमावत, मुकेश कुमावत, युवराज कुमावत, उमेश, राकेश उपस्थित रहे।

# एकलव्य स्कूल की छात्रा ने 97.50% के साथ किया 10वी बोर्ड में टॉप

## कुचामन ब्लॉक में प्रथम स्थान पर रही एकलव्य की छात्रा जयशा

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा सोमवार को घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में कुचामन के एकलव्य एकेडमी सीनियर सैकंडरी स्कूल की छात्रा पूरे कुचामन ब्लॉक में प्रथम स्थान पर रही। छात्रा जयशा कुमावत ने कुचामन में सर्वाधिक 97.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर इतिहास रच दिया। एसएन जोशी शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के निदेशक अक्षय जोशी ने बताया कि छात्रा जयशा ने गणित में 100 में से 100 अंक के साथ सामाजिक विज्ञान व संस्कृत में 99, अंग्रेजी में 97, विज्ञान में 96 व हिंदी में 94 अंक प्राप्त किए हैं। छात्रा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए अपनी इस उपलब्धि के लिए संस्था निदेशक अक्षय जोशी, प्रधानाचार्य मूलचंद शास्त्री, राजकीय सेवा में व्याख्याता पद पर कार्यरत अपने पापा रमेश कुमावत व मम्मी सीमा महरोलिया एवं समस्त अध्यापक/अध्यापिकाओं को इस उपलब्धि का श्रेय दिया है। छात्रा भविष्य में प्रशासनिक सेवाओं में जाकर देश सेवा करना चाहती है। प्रारंभिक कक्षा से ही एकलव्य एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अध्ययन करने वाली छात्रा जयशा ने कहा की उनका विद्यालय शिक्षा के अनुकूल रहा है। विद्यालय के चेयरमैन मनोज जोशी ने सभी विद्यार्थियों को फोन पर शुभकामनाएं दी।






**शत-प्रतिशत रहा परिणाम**–विद्यालय के निदेशक ने बताया कि विद्यालय में द्वितीय स्थान पर रहे विनीत चौधरी पुत्र डॉ. सुरेंद्र मारुका ने विज्ञान, गणित व संस्कृत तीनों विषयो में 100 में से 100 अंकों के 96 .83 प्रतिशत, माही पारीक पुत्री संजय पारीक ने गणित में 100 अंकों के साथ 96 प्रतिशत अंक हासिल किए। गौरी कुमावत पुत्री रामस्वरूप कुमावत ने भी गणित में 100 अंकों के साथ 95 .50 प्रतिशत के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की हैं। विद्यालय के व्यवस्थापक लोकेंद्र जोशी ने बताया कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा है। इस बार 67 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जिसमें से 4 ने 95 प्रतिशत से अधिक 13 ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए है।

विद्यालय के फूलचंद वर्मा, नरपतसिंह भाटी ने बताया कि इनमें से 61 छात्र– छात्राओ ने प्रथम, 3 ने द्वितीय व 3 ने तृतीय श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की हैं।

# 10वीं बोर्ड परिणामों में एलबीएस स्कूल का दबदबा

## निकिता अग्रवाल 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बनी टॉपर

सद्दाम रंगरेज







**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर की लाल बहादुर शास्त्री साइंस स्कूल में सोमवार को जारी दसवीं के परिणाम में कुचामन में परचम लहराकर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। संस्था निदेशक रामदेव खीचड़ ने बताया कि संस्था की निकिता पुत्री बच्छराज अग्रवाल ने 97 प्रतिशत, मानव पुत्र शंकर लाल 96.67, नेहा चौधरी पुत्री गिरधारी खीचड़ ने 93.67, विकास जांगिड पुत्र रामभरोस जांगिड ने 90.17, पलक भंसाली पुत्री सुनील भंसाली ने 89.50, जमना कुमावत पुत्री हरिराम कुमावत ने 89.17, रक्षिता कुमावत पुत्री रामेश्वर लाल ने 88.67, हर्षिता पुत्री सत्यनारायण कुमावत ने 87.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्था का मान बढाया है। इस अवसर पर संस्था में उत्कृष्ट परिणाम देने वाले विद्यार्थियों का मुंह मीठा करवाकर व पटाखे फोड़कर खुशी मनाई गई। इस मौके पर गिरधारी खीचड़, सचिव श्रवण खीचड़, धनराज खीचड़, प्रधानाचार्य सीएम पंवार, एचएम विनिता चौधरी, अमानाराम गुर्जर, बनवारी लाल परिहार, सुनील कुमार, किशन लाल, मनोज कुमार, मामराज यादव, दिनेश कुमार, हितेंद्र सिंह, शंकर लाल, भींवाराम, प्रतिभा कोठारी व मोनिका प्रधान उपस्थित रहे।

# धमाकेदार परिणाम देकर न्यू मॉडर्न स्कूल ने रचा इतिहास

## साइंस, आर्ट्स के बाद शिक्षा नगरी में अब दसवीं बोर्ड रिजल्ट में भी मॉडर्न सर्वश्रेष्ठ

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम में शहर के न्यू मॉडर्न एजुकेशन ग्रुप द्वारा संचालित न्यू मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल व मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर धमाकेदार परिणाम के साथ इतिहास रच दिया है। प्रधानाचार्य मदनलाल ने बताया कि प्रियंका कुमावत पुत्री हरिराम व राखी पुत्री चेताराम कुमावत ने संयुक्त रूप से 95.17 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। लक्ष्य कुमावत पुत्र देवीलाल दादरवाल व प्रियांशी कविया पुत्री दशरथ सिंह कविया ने संयुक्त रूप से 95 प्रतिशत अंक हासिल करके द्वितीय प्राप्त किया एवं सुरभि गौड़ पुत्री मनोज कुमार शर्मा 94.50 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रही। विद्यालय का परिणाम फिर से उत्कृष्ट रहने पर

संस्था निदेशक देवीलाल दादरवाल ने छात्रों, अभिभावकों, गुरुजनों को उत्कृष्ट परिणाम की बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए इसे शिक्षकों की मेहनत एवं निष्ठा पूर्वक सतत प्रयासों का परिणाम बताया। इस अवसर पर मॉर्डन इंग्लिश स्कूल के प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार प्रबंधक सदस्य सुरेश कुमार, राधेश्याम, बाबूलाल, सुनील पारीक, यादराम बेरवा, कृष्ण कुमार, मुकेश प्रजापत, भवानी सिंह, लोकेंद्र सिंह, नरेंद्र सांखला, नवीन राजोरिया व आशीष दादरवाल मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com